BMC के फायर ब्रिगेड द्वारा किया गया मेट्रो स्टेशनों का निरीक्षण

अंडरग्राउंड मेट्रो का 97% काम हुआ पूरा

■ **मुंबई (सं).** बहुप्रतीक्षित मुंबई की अंडरग्राउंड मेट्रो-3 का पहला चरण (आरे-बीकेसी) का काम 97% पूरा हो चुका है. फेज 1 के सभी स्टेशनों का निरीक्षण बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के फायर ब्रिगेड विभाग द्वारा किया जा चुका है. अगले सप्ताह तक मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एमएमआरसी) रेलवे मेट्रो सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) को आमंत्रित करने के लिए आवेदन भेजेगी, जो मेट्रो प्रणालियों के विभिन्न सुरक्षा पहलुओं की जांच करेंगे,

जिससे सर्टिफिकेट प्राप्त करने के बाद ही लाइन शुरू की जाएगी. बता दें कि मेट्रो 3 के लिए आरडीएसओ परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है. इस खंड में आरे से बीकेसी के बीच कुल आठ स्टेशन होंगे, जिसमे आरे, सीप्झ, एमआईडीसी, मरोल नाका, सीएसएमआई T2, सहार रोड, सीएसएमआई T1, सांताक्रूज़, विद्यानगरी और बीकेसी शामिल है. ध्यान देने वाली बात यह है कि .यात्री भार के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए एमएमआरसीएल ने पहले ही बीकेसी और आरे के बीच मलबे से भरी बोरियों का परीक्षण शुरू कर दिया था.